# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

अगर बात स्वामित्व (अधिकारों) की न हो तो कोई भी **संगठन** हर उस व्यक्ति का होता है, जो अपने इरादो में संगठन के लक्ष्य के लिए कार्य करता है, ऐसे में क्या किसी संगठन का अपने से जुड़े किसी व्यक्ति को नजरअंदाज करना लाजमी होगा? नहीं, ऐसा बिल्कुल भी सही नहीं होगा, क्योंकि कैसे भी परिणाम के लिए व्यक्ति उतना ही जिम्मेवार होता है, जितना कि संगठन चलाने वाले, क्योंकि दोनों ही एक दूसरे के पूरक होते है। तब जाकर संगठन की शक्ल इख़्तियार होती है और फिर एक समय आने पर ख़्याती।

संपादक – संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

# ‘एनईसी’ होंगें हमारे अन्य केन्द्रों से ज्यादा सुविधाजनक!!!

हम सभी जानते है, कि ‘एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर’ लोगों के लिए एक अति महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर आया है। जो न केवल बैंकिंग सेवाओं को मुहैया करायेगा बल्कि कुछ ऐसी सेवाओं की शुरूआत भी करेगा जो लोगों के व्यक्तित्व विकास व आमदनी के लिहाज़ से जरूरी होगें। हम बता दें कि हमने अपने पिछले प्रोजेक्ट के जरिए ‘वित्तीय समावेशन’ के लिए काफी सफलतम कार्य किए है जिसमें पेन कार्ड, प्रान कार्ड, आईआरसीटीसी व इन्श्योरेन्स आदि सुविधाऐं भी शामिल रही है। अब हम ‘एनईसी’ के माध्यम से एक नयी सोच का संचार करने जा रहे है, जो हमारी टीम के प्रयासों के माध्यम से हजारो, लाखों लोगों को लाभ दिलायेगा।

पहले बात करते है, कि कौन होगा पात्र जो एनईसी संचालक के तौर पर स्थापित हो सकेगा। व क्या होगी योग्यता –

‘एनईसी’ संचालकों में औसतन ३० प्रतिशत महिलाओं को संचालक बनाया जाएगा व प्राथमिकता उसे दी जायेगी जो कम्प्यूटर ऑपरेट कर सके व सामूहिक तौर से एक साथ प्रशिक्षण देने की योग्यता रखता हो। (पूर्ण जानकारी के लिए बेवसाइड लॉग इन करें)

एनआईसीटी ने एनईसी में बोडाफोन एसपैसा की सेवा रखी है, जिसमें बिजली बिल, डिस टीबी बिल, मोबाइल बिल आदि मनी ट्रांसफर सुविधाएं दी जायेगी। इसके बाद ‘स्किल डबलपमेन्ट’ की सुविधा है जो इस केन्द्र के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की ओर अग्रसर होगा। इसी तरह अन्य सुविधाएँ शामिल की गई है, जो इस केन्द्र को अन्य प्रोजेक्ट से भिन्न बनाता है।

‘एनआईसीटी एक्सीलेन्स सेन्टर’ ब्लॉक स्तर पर हर एक सुविधाओं को देने का केन्द्र बनने जा रहा है और जल्द ही ऐसी और सेवाओं को बढ़ाया जायेगा जो विकास की ही बात करेंगी।

एनआईसीटी टीम अपने पिछले १५ वर्षो के अनुभव में हर एक चुनेती को पूरा करती आई है, चाहे बात उन केन्द्रों की हो जिन्होंने अपनी उपस्थिति से पूरे जिले में कड़ी मेहनत कर एनआईसीटी को दूर–दराज ऑचलिक क्षेत्रों से जोड़ा हो। चाहे उन लोगों की जिन्होंने अपनी आत्मविश्वास व मेहनत के दम पर बिज़नेस डबलपमेन्ट के रूप में कार्य किया, हर सूरत में यह लोग एनआईसीटी परिवार का ही एक हिस्सा है, जो एनआईसीटी को देश के नक़्शे में एक अच्छी मजबूत स्थिति में लाकर खडा करता है। एनआईसीटी टीम के अथक प्रयासों से ही जिसमें सीपी से लेकर बीडीएम व एसपीएम से लेकर नेशनल टीम तक सभी ने एक जुट होकर सफलता को छुआ है।

एनआईसीटी टीम ‘एनईसी’ के लक्ष्य को कुछ माह में ही पूरा करने के लिए संकल्पित है, क्योंकि एक ही केन्द्र में लोगों को लाभ व उनके विकास को लेकर कार्य करना अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है और इन्हीं महत्वपूर्ण सुविधाओं की बजह से यह केन्द्र एनआईसीटी के अन्य केन्द्रों से भिन्न हैं।

---- संजय सोनी– एनआईसीटी

# मध्यप्रदेश

## Vodaphone M-PESA की तकनीकी जानकारी हेतु एनआईसीटी कार्यालय में बैठक।











**एनआईसीटी** – ०५ जनवरी २०१६ को इंदौर स्थित एनआईसीटी मुख्य कार्यालय में एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 'एनईसी' द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में से वोडाफोन एमपैसा से संबंधित सर्विस के बारे में बताया गया। इस बैठक में वोडाफोन अधिकारियों की मुख्य भूमिका रही, जिन्होंने बताया कि किस तरह से 'एनईसी' के माध्यम से लोगों को वोडाफोन एसपैसा के लाभ पहुँचाये जा सकते है, उन्होंने बताया कि एसपैसा के माध्यम से 'एनईसी' से लोग अपना मोबाइल बिल, बिजलीबिल, डिस टीबी, मनी ट्रांसफर आदि पेमेन्ट की सुविधा प्राप्त कर सकते है।

बैठक में श्री महेन्द्र गुप्ता (मुख्य तकनीकी अधिकारी–एनआईसीटी) श्री संजय मिश्रा (जी.एम.–एकाउन्ट) श्री अनिल उपाध्याय (नेशनल हेड– सर्विस शॉपी) श्री शेखर वर्मा, श्री सुरेश वैस, श्री संजय वर्मा, श्री राहुल सिसोदिया, श्री दीपेश दुबे आदि उपस्थित रहे।

# उत्तरप्रदेश

## बीसी/ बीएफ हेतु 'एसबीआई' द्वारा कार्यशाला का आयोजन।



एनआईसीटी १८ जनवरी २०१६ को बीसी/बीएफ हेतु 'एसबीआई', इलाहाबाद शाखा में एक बैठक का आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुख्य रूप से एसबीआई एजीएम उपस्थिति रहे।

# उत्तरप्रदेश

## एनआईसीटी ने ग्राम राधा नगर में 'एसबीआई' कियोस्क की शुरूआत की।




एनआईसीटी- २७ जनवरी २०१६ को ग्राम राधा नगर, त्रिलोकिपुर, जिला फतेहपुर में 'एसबीआई' 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का शुभारम्भ किया गया। कियोस्क का उद्घाटन श्री आर.डी. गुप्ता (शाखा प्रबंधक- देवीगंज) एनआईसीटी की ओर से श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव (बीडीएम) व देवेन्द्र शिवहरे (चेनल पार्टनर) उपस्थित रहे।

कियोस्क संचालन श्री संजय कुमार पटेल है।

# मेघालय

## तुरा, मेघालय में सीएसपीओं हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।






एनआईसीटी- १६ दिसम्बर २०१५ को शहर 'तुरा', मेघालय राज्य में 'भारतीय स्टेट बैंक' द्वारा समस्त सीएसपीओं हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त सीएसपीओं को कार्य से संबंधित आवश्यक व तकनीकी जानकारी दी गई।

# उड़ीसा

## एनआईसीटी टीम ने बारागुढा, उड़ीसा में 'एसबीआई' कियोस्क का उद्घाटन किया।








एनआईसीटी- ०२ फरवरी २०१६ को बारागुढा, उड़ीसा में 'एसबीआई' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का उद्घाटन किया गया। कियोस्क का उद्घाटन एसबीआई बाजार शाखा के शाखा प्रबंधक व वित्तीय समावेशक प्रबंधक श्री अरून साहू द्वारा किया गया।

एनआईसीटी की ओर से श्री नावाकिशोर महत्तम उपस्थित रहे।

# बिहार

## रांची, झारखण्ड में ‘बैंक ऑफ इंडिया’ द्वारा राज्यस्तीय कार्यशाला का आयोजन।







एनआईसीटी- ०५ फरवरी २०१६ को रांची, झारखण्ड़ मे ‘बैंक ऑफ इंडिया’ द्वारा राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एनआईसीटी से श्री रंजीत कुमार (एसपीएम-बिहार) उपस्थित रहे। साथ ही अन्य समस्त बी.सी./सी.एस.ई. एजेन्ट व अन्य चेनल मैनेजमेंट ने अपनी उपस्थिति दी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से जोनल मैनेजर, रांची, जोनल मैनेजर जमसेदपुर, जिला प्रबंधक, चेनल मैनेजमेन्ट पार्टनर, एफएलसी कान्उसलर आदि उपस्थित रहे।

# गुजरात

## एनआईसीटी अहमदावाद कार्यालय में ‘एनईसी’ प्रशिक्षण का आयोजन।





दिनांक ०६ फरवरी २०१६ को एनआईसीटी अहमदाबाद कार्यालय में एनईसी संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन श्री कृणाल साह (एसपीएम- गुजरात) द्वारा किया गया।

## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

आप सभी को ‘‘संपर्क’’ के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई–मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा विश्वास है, कि हम उन लोगों तक पहुँच सकते है, जो ‘संपर्क’ के माध्यम से एनआईसीटी के प्रयासों को भलिभांति समझ पा रहे है व अपने सुझावों के द्वारा हमारे प्रयासों को और प्रभावी बनाने में समर्थ है।

## किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ‘‘सिने इंडिया’’ प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

न्यूज़लेटर ‘‘संपर्क’’ के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई–मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट –
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB- 108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in